कोडKVS(DR)/2025/AW

# केंद्रीय विद्यालय संगठन-दिल्ली संभाग
# KENDRIYA VIDYALAY SANGATHAN DELHI REGION
## PRE-BOARD-1 EXAMINATION 2025-26

| | |
|---|---|
| कक्षा- XII | विषय-इतिहास |
| CLASS-XII | SUBJECT-HISTORY |
| अधिकतम अंक-80 | समय-3घंटा |
| Maximum MARKS-80 | TIME-3HOURS |

---

<u>सामान्य निर्देश-</u>

(i) प्रश्नपत्र पाँच खंडों में विभाजित है - A, B, C, D और E; प्रश्नपत्र में 34 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(ii) खंड A- प्रश्न संख्या 1 से 21 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, प्रत्येक 1 अंक का ।
(iii) खंड B- प्रश्न संख्या 22 से 27 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक 3 अंक का है। प्रश्न का उत्तर 60 से 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
(iv) खंड C- प्रश्न संख्या 28 से 30 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक 8 अंक का है। प्रश्न का उत्तर 300 से 350 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
(v) खंड D- प्रश्न संख्या 31 से 33 तक स्रोत आधारित प्रश्न हैं, जिनमें तीन उप-प्रश्न हैं और प्रत्येक 4 अंकों का है।
(vi) खंड E- प्रश्न संख्या 34 मानचित्र आधारित है, जिसके 5 अंक हैं, जिसमें महत्वपूर्ण महत्वपूर्ण स्थल की पहचान और स्थान निर्धारण शामिल है। मानचित्र को उत्तर पुस्तिका के साथ संलग्न करें।
(vii) प्रश्नपत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है। हालाँकि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। ऐसे प्रश्नों में से केवल एक ही विकल्प का उत्तर देना है।
(viii) इसके अतिरिक्त, जहाँ आवश्यक हो, प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ अलग-अलग निर्देश दिए गए हैं।

<u>General Instructions:</u>

(i) The question paper is divided into five sections- A, B, C, D and E. There are 34 questions in the question paper. All questions are compulsory.
(ii) Section A- Question number 1 to 21 are Multiple choice type questions, each carries 1 mark each.
(iii)Section B- Question number 22 to 27 are short answer type questions, carrying 3 marks each. Answers to the question should not exceed 60 to 80 words.
(iv)Section C- Question number 28 to 30 are long answer type questions, carrying 8 marks each. Answers to the question should not exceed 300 to 350 words.
(v) Section D- Question number 31 to 33 are source based questions with three sub-questions and each question carries 4 marks.
(vi) Section E- Question number 34 is Map based, carrying 5 marks that includes identification and location of significant test items. Attach the map with the answer book.
(vii)There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in a few questions. Only one of the choices in such questions have to be attempted.
(viii) In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.

……………………………………………………………………………………………………

## SECTION- A

## OBJECTIVE TYPE QUESTIONS (1 x 21 = 21)

भाग- **अ**

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

**Q1**. सही विकल्प चुनें: -
1
अभिकथन (A) : हड़प्पावासियों के दूर के देशों के साथ व्यापारिक संबंध थे।
कारण (R) : रोम के एक अभिलेख में मेलुहा शब्द का उल्लेख मिलता है।
A. दोनों कथन (A) और कारण (R) सत्य हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।
B. दोनों कथन (A) और कारण (R) सत्य हैं लेकिन कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है।
C. कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।
D. कारण (R) गलत है लेकिन कथन (A) सही है।
Choose the correct option: -
Assertion (A): The Harappans had trade relations with distant countries.
Reason (R): An inscription from Rome finds mention of the word Meluha.
A.Both statement (A) and reason (R) are true and reason explains the statement correctly.
B.Both statement (A) and reason (R) are true but reason does not explain the statement.
C.Statement (A) is false but Reason (R) is true.
D.Reason (R) is false but statement (A) is true.

**Q2**. मिलान करें_ 1

(A) अशोक - i) प्रयाग प्रशस्ति
(B) मेगास्थनीज - ii) अर्थशास्त्र
(C) कौटिल्य - iii) इंडिका
(D) हरिषेण - iv) कलिंग युद्ध

Match the following
(A) Ashoka i) Prayag Prasasti
(B) Megasthenes ii) Arthashastra
(C) Kautilya iii) Indica
(D) Harishena iv) Kalinga war

A. (A) - i, (B) - ii, (C) - iii, (D)- iv
B. (A) - ii, (B) - i, (C) - iii, (D)- iv
C. (A) - iv, (B) - iii, (C) - ii, (D)- i
D. (A) - i, (B) - iii, (C) - ii, (D)- iv.

**Q3.** निम्नलिखित में से कौन सा प्राचीन भारत के शासकों का सही कालक्रम है? 1

(i) चन्द्रगुप्त मौर्य (ii) अजातशत्रु
(iii) महापद्म नंद (iv) अशोक

सही विकल्प चुनें:
Which of the following is the correct chronology of the rulers of ancient India?

(i) Chandragupta Maurya (ii) Ajatashatru
(iii) Mahapadma Nanda (iv) Ashoka
Choose the correct option :
(A) (i), (ii), (iii), (iv)
(B) (ii), (iv), (iii), (i)
(C) (iii), (ii), (i), (iv)
(D) (ii), (iii), (i), (iv)

**Q4**. सही कथन का पहचान करें- 1
I. मौर्य साम्राज्य के अध्ययन के लिए अभिलेख महत्वपूर्ण स्रोत है|
II. मगध की पहली राजधानी पाटलीपुत्र थी जिसे बाद में राजगृह स्थानांतरित कर दिया गया|
III.मौर्य साम्राज्य के संस्थापक अशोक थे|
IV.मेगस्थनीज मौर्य काल में भारत आया था|
A. I और II B. I और IV C. II और IV D. I और III
Identify the correct statement –
I. Inscriptions are an important source to study the Maurya Empire.
II. Patliputra was the first capital of Magadha which was later shifted to Rajgriha.
III. Ashoka was the founder of the Maurya Empire.
IV. Megashnese came to India in the Maurya Period.
A. I and II B. I and IV C. II and IV D. I and III

**Q5**. महाभारत के बारें में क्या सत्य है?- 1
I. सामाजिक इतिहास के अध्ययन के लिए महाभारत महत्वपूर्ण स्रोत है|
II. महाभारत की रचना कई चरणों में हुआ|
III. महाभारत एक गतिशील ग्रन्थ है|
IV. स्वामी विवेकानंद के नेतृत्व में महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण तैयार किया गया|
A. I और II B. I, II और III C. I, II, III और IV D. केवल IV
What is true about the Mahabharata-
I. Mahabharta is an important source to study the social history of India.
II. Mahabharata was composed in several phases
III. Mahabharata is a dynamic text.
IV. The critical edition of Mahabharata is prepared in the leadership of Swami Vivekanand.
A. I and II B. I, II and III C. I, II, III and IV D. Only IV

**Q6**. अमरावती स्तूप का सम्बन्ध किस धर्म से है?
1
A. बौद्ध B. जैन C. हिन्दु D. इस्लाम

Amaravati Stupa is related to which religion?
A. Buddhism B. Jainism C. Hinduism D. Islam

**Q7**. निम्नलिखित का मिलान करें | 1
a) ब्रह्मण i) कृषि और व्यापार में संलग्न होना
b) क्षत्रिय ii) युद्ध में शामिल होने और लोगों की रक्षा करने के लिए

c) वैश्य iii) तीन उच्च वर्णों की सेवा करने के लिए
d) शूद्रों iv) वेदों का अध्ययन और शिक्षा देना
Match the following
a) Brahamans i) to engage in agriculture and trade
b) Kshatriyas ii) to engage in warfare and protect people
c) Vaishyas iii) to serve the three higher varnas
d) Shudras iv) to study and teach the Vedas
A. a) - i , b) - ii , c) - iii , d)- iv
B. a) - ii , b) - i , c) - iii , d)- iv

C. a) - iv , b) - ii , c) - iii , d)- i

D. a) - iv , b) - ii , c) - i , d)- iii

**Q8.**" किताब-उल हिंद" पुस्तक निम्न के द्वारा लिखी गई है? 1
A. बर्नियर B. अल्बरूनी C. अबुल-फ़ज़ल D.इब्न बतूता
"Kitab-Ul-Hind" book is authored by ………………
A. Bernier B. Al-Biruni C. AbulFazal D. Ibn Battuta

**Q9.** गलत जोड़ी की पहचान करें – 1
A. अलवार – विष्णु B. नयनार स्त्री संत – कराइक्काल अम्मइयार
C. वीरशैव –शिव D.अलवार स्त्री संत – बासवन्ना
Choose the incorrect pair -
A. Alvar - Vishnu B. Nayanar women Saint –Karaikkal Ammaiyar
C. Virashaiva –Shiva D. Alwar women Saint - Basvanna

**Q10.** "लाहौर में मैंने एक बहुत ही सुन्दर अल्पवयस्क विधवा जिसकी आयु मेरे विचार में बारह वर्ष से अधिक नहीं थी, की बलि होते हुए देखी|" ये कथन किसने लिखा है? 1
A. अलबरूनी B. इब्न-बतूता C. बर्नियर D. बीरबल
Who said the following statement:- "At Lahore I saw a most beautiful young widow sacrificed, who could not , I think, have been more than twelve years of age."
A. Albiruni B. Ibn Battuta C. Bernier D. Birbal

**Q11**. निम्नलिखित में से कौन इब्न बतूता की पुस्तक 'रिहला' की विशेषता नहीं है?
1
A. यह पुस्तक फारसी में लिखी गई है।
B. यह उपमहाद्वीप के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का समृद्ध और रोचक विवरण प्रदान करता है|
C. इस पुस्तक में लेखक का यात्रा अनुभव है।
D. यह पुस्तक ज्ञान का एक महत्वपूर्ण स्रोत है।

Which of the following is not a characteristic of Ibn Battuta's book, 'Rihla'?
A. This book is written in Persian.
B. It provides rich and interesting details of the social and cultural life in the

subcontinent.
C. This book contains the travel experience of the author.
D. This book is an important source of knowledge.

**Q12.**निम्नलिखित में से सही कथन की पहचान करें| 1

A. अब्दुर-रज्जाक विजयनगर साम्राज्य का मुख्य सेनापति था|
B. नायक व् अमरनायक मुग़ल साम्राज्य के मुख्य अंग होते थे|
C. राजा के आलवा नायक भी गोपुरम बनवाते थे |
D. कृष्णदेव राय विजयनगर साम्राज्य के संस्थापक थे|

Indicate which of the following options is correct: –
A. Abdul Razzaq was the chief army general of Vijayanagar Empire.
B. Nayakas and Amarnayakas were the main part of the Mughal Empire.
C. Besides The king,Nayaka also built Gopuram.
D. Krishndev Raya was the founder of Vijaynagarempire.

**Q13.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में चिन्हित किया गया है।
1
अभिकथन (A): बर्नियर को निजी स्वामित्व के गुणों में दृढ़ विश्वास था। उसने देखा मुगल साम्राज्य में भूमि का राजकीय -स्वामित्व राज्य और राज्य के लोग दोनों के लिए हानिकारक है ।
कारण (R): भूमि-स्वामी अपनी जमीन अपने बच्चों को नहीं दे सकते थे, इसलिए वे उत्पादन के विस्तार में किसी भी लंबे समय के निवेश के खिलाफ थे ।
उपरोक्त अभिकथन और कारण से पता करें कि निम्नलिखित में से कौन सा सही हैं :

A. दोनों (A) और (R) सही हैं और (R) (A) की सही व्याख्या है।

B. दोनों (A) और (R) सही हैं, लेकिन (R) (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

C. कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

D. D. कारण (R) गलत है लेकिन कथन (A) सही है।

Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R).
Assertion (A) : Bernier was a firm believer in the virtues of private property. He saw crown ownership of land in the Mughal empire as being harmful to both State and the people.
Reason (R) : Landlords could not pass on their land to their children, so they were averse to any long time investment in the expansion of production.
From the above Assertion and Reason, find out which one of the following is true :
A. Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
B. Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
C. Statement (A) is false but Reason (R) is true.
D. Reason (R) is false but statement (A) is true.

**Q14**. साझी संस्कृति के विकास में चिश्ती सूफी संत ने किस प्रकार योगदान दिया?
1
i) मात्र मुसलमानों की मदद करते थे।
ii) वे हिंदुओ और मुसलमानों सभी की मदद किया करते थे।
iii) वे लोग स्थानीय परिप्रेक्ष्य में अच्छी तरह ढल गए
iv) राजाओं के द्वारा उपहार और संरक्षण प्राप्त करके।
सही विकल्प का चुनाव करें :

A. केवल (i)
B. केवल (i) और (ii)
C. केवल (iii) और (iv)
D. केवल (ii) और (iii)

In what way (s) did Chisti Sufi saints contribute towards the growth of common culture?
i) By favoring Muslims only.
ii) By helping both Hindus and Muslims and other people.
iii) They adopted successfully to the local environment.
iv) By accepting gifts and patronage of the kings.
Choose the correct option:

A. Only (i)
B. Only (i), (ii)
C. Only (iii) and (iv)
D. Only (ii) and (iii)

**Q15**. डंका शाह के नाम से किसे पुकारा जाता था? 1

A. बहादुर शाह जफर
B. मौलवी अहमदुल्लाह शाह
C. वाजिद अली शाह
D. बक्त खान

Who was called "Danka Shah"?

A. Bahadur Shah Jafar
B. Maulvi Ahmadullah Shah
C. Wajid Ali Shah
D. Bakht Khan

**Q16**. अंग्रेज तो चले गए, मगर जाते जाते शरारत का बीज बो गए।"
निम्नलिखित में से किसका पृथक निर्वाचन क्षेत्र के बारे में विचार था? 1

A. जी बी पंत
B. सरदार पटेल
C. आर वी धुलेकर
D. बेगम एजाज रसूली

"The British element is gone, but they have left the mischief behind."
Who among the following held the view about separate electorate? 1
A. G. B. Pant
B. Sardar Patel
C. R. V. Dhulekar

D. Begum Aizaz Rasul

**Q17.** पांचवी रिपोर्ट के संबंध में गलत कथन का चयन करें| 1

A. यह 1813 में ब्रिटिश संसद में पेश की गई थी|
B. यह रिपोर्ट 1002 पृष्ठों में थी|
C. यह एक प्रवर समिति द्वारा तैयार की गई थी|
D. इस रिपोर्ट को तैयार करने का कार्य बंगाल के जमींदारों को दिया गया था|

Choose the incorrect statement with context to Fifth report.

A. It was submitted to the British parliament in 1813
B. It ran into 1002 pages.
C. It was produced by a select committee.
D. The zamindars of Bengal were assigned to prepare this report.

**Q18.** निम्नलिखित को मिलाएं: 1

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| (i) चंपारण | (a) चौरी चौरा |
| (ii) अहमदाबाद | (b) किसान |
| (iii) खेड़ा | (c) नील की खेती करने वाले |
| (iv) असहयोग आंदोलन | (d) मिल श्रमिक |

(i) (ii) (iii) (iv)
A. (b) (c) (a) (d)
B. (c) (d) (b) (a)
C. (a) (b) (c) (d)
D. (a) (b) (c) (a)

Match the following:

| List I | List II |
|---|---|
| (i) Champaran | (a) Chauri Chaura |
| (ii) Ahmadabad | (b) Peasants |
| (iii) Kheda | (c) Indigo cultivators |
| (iv)Non Cooperation movement | (d) Mill workers |

Options:
(i) (ii) (iii) (iv)
A) (b) (c) (a) (d)
B) (c) (d) (b) (a)
C) (a) (b) (c) (d)
D) (a) (b) (c) (a)

**Q19**. क्रिप्स मिशन भारत कब आया? 1

When did the Cripps Mission come to India?

A. 1920 B. 1930 C. 1942 D. 1946

**Q20.** **1**



चित्र में दिखाए गए दो व्यक्ति कौन हैं?
A. राजेंद्र प्रसाद और जवाहरलाल नेहरू
B. राजेंद्र प्रसाद और बी आर अंबेडकर
C. महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल
D. जवाहरलाल नेहरू और महात्मा गांधी
Who are the two persons shown in the picture?
A. Rajendra Prasad and Jawaharlal Nehru
B. Rajendra Prasad and B. R. Ambedkar
C. Mahatma Gandhi and Sardar Vallabhbhai Patel
D. Jawaharlal Nehru and Mahatma Gandhi

**नोट:- निम्नलिखित प्रश्न दृष्टिबाधित उम्मीदवार के लिए केवल प्रश्न संख्या 20 के स्थान पर हैं।**
**Note:- The following questions are for visually impaired candidate only in lieu of Q. No. 20:**
संविधान सभा के अध्यक्ष कौन थे?
A. डॉ. बी आर अंबेडकर
B. डॉ. राजेंद्र प्रसाद
C. महात्मा गांधी
D. जवाहरलाल नेहरू
Who was the president of the Constituent Assembly?
A. R. Ambedkar
B. Dr. Rajendra Prasad
C. Mahatma Gandhi
D. Jawaharlal Nehru

**Q21**. राजस्व राशि के भुगतान में जमींदार क्यों चूक करते थे? 1
A. प्रारंभिक राजस्व मांग बहुत ऊंची थी|

B. सूर्यास्त कानून
C. कृषि उपज की कम कीमत के कारण किसानों के लिए जमींदार को उनकी देय राशिया चुकाना मुश्किल था|
D. उपर्युक्त तीनों सही है|

Why did Zamindar default on payment?

A. The initial demands of land revenue were very high.
B. Sun-set law
C. Due to the low price of Agricultural produce it was difficult for the ryots (peasant) to pay their dues to the Zamindar.
D. All are correct.

भाग-ख/SECTION- B

[लघु उत्तरीय प्रश्न, शब्द सीमा 60 से 80]

[Short answer Questions, Word limit 60-80] 6*3=18

**Q22.** "हड़प्पा सभ्यता के पुरावस्तुओं से पता चलता है कि वे दूर स्थलों से वस्तुओं का व्यापार करते थे|" कथन के पक्ष में साक्ष्य प्रस्तुत करें|
3

"The artifacts of Harappan sites reveal the procuring materials from distant land." Give evidence in support of the statement.

अथवा/Or

"सड़कों की ग्रीड प्रणाली हड़प्पा सभ्यता के शहरों की एक विशेषता थी|' व्याख्या करें|

"Greed pattern of road was a distinctive feature of the Harappan towns." Elaborate.

**Q23**. मौर्य साम्राज्य के इतिहास के पुनर्निर्माण के लिए इतिहासकारों ने विभिन्न स्रोतों का उपयोग किया है। ऐसे किन्हीं 3 स्रोतों की व्याख्या कीजिए। 3

Historians have used a variety of sources to reconstruct the history of the Mauryan Empire. Explain any three such sources.

**Q24.** बर्नियर की यूरोपीय पृष्ठभूमि और 'ट्रैवल इन दी मुगल एम्पायर' लिखने का उनका इरादा उन्हें मुगल भारत के बारे में नकारात्मक धारणा बनाने के लिए कैसे प्रभावित करता है?
3

How does Bernier's European background and his intention for writing "Travels in the Mughal Empire" influence him to make a negative perception of Mughal India?

**Q25.** मीराबाई ने किस प्रकार जाति व्यवस्था की अवहेलना की? व्याख्या करे| 3

How did Mirabai defy the norms of caste system? Explain.

**Q26.** "कुदाल और हल के बीच की लड़ाई लंबी थी"; 18वीं शताब्दी के दौरान राजमहल पहाड़ी के संथाल और पहाड़िया समुदाय के संदर्भ में इस कथन की व्याख्या कीजिए। 3

"The battle between the hoe and plough was a long one"; explain the statement with reference to the Santhal and Paharias of RajMahal Hills during the 18th century.

**Q27.**भारतीय राष्ट्रवादी आंदोलन की प्रकृति को बदलने में रौलट सत्याग्रह (1919) के महत्व की व्याख्या करें।
3
Explain the significance of the Rowlatt Satyagraha (1919) in transforming the nature of the Indian Nationalist Movement.

अथवा/Or

1929 में लाहौर में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन के किसी तीन महत्व को लिखें|
Write any three significance of the congress session held in December, 1929 at Lahore.

भाग-ग/SECTION- C
[दीर्घ उत्तरीय प्रश्न, शब्द सीमा 300 से 350] 3*8=24

[Long answer Questions, Word limit 300 to 350]

**Q28.** स्तूप कैसे बनाए गए? साची स्तूप के स्थापत्य का सचित्र वर्णन करें|
4+4

अथवा/or

"दुर्भाग्य से एच. एच. कोल अधिकारीयों को अमरावती पर इस बात के लिए राजी नहीं कर पाए, लेकिन खोज की जगह पर ही संरक्षण की उनकी बात को साँची के लिए मान लिया गया|" कथन की व्याख्या करें|

How were stupa built? Describe the structure of Sanchi stupas with diagram . 8

OR

"Unfortunately H. H. Cole did not succeed in convincing the authorities about Amaravati, although his plea for *in situ* preservation was adopted in the case of Sanchi." Explain the statement.

**Q29** मुगल काल में पंचायत और ग्राम-प्रधान द्वारा ग्रामीण समाज को नियंत्रित करने के तरीकों की चर्चा कीजिए। मुगल काल की पंचायतें किस प्रकार वर्तमान ग्राम पंचायतों से समान या भिन्न थीं?
4+4

अथवा

मुगल-भारत में कृषि उत्पादन में महिलाओं द्वारा निभाई गई भूमिका का वर्णन करें। मुगल कृषक समाज की महिलाओं का जीवन आज के शहरी समाज से किस प्रकार समान या भिन्न था?
4+4

or

Discuss the ways in which panchayats and village headmen regulated rural society in the mughal period. In what ways the panchayats of the Mughal period were similar or different from present-day gram panchayats? 4+4

OR

Describe the role played by women in agricultural production in Mughal India. In what ways the life of the women of Mughal agrarian society was similar or different from present-day urban society?

**Q30** विद्रोही क्या चाहते थे? विभिन्न सामाजिक समूहों की सोच किस हद तक एक दूसरे से भिन्न थी?4+4

अथवा

1857 के विद्रोह के बारे में दृश्य निरूपण हमें क्या बताता है? इतिहासकार इन दृश्य निरूपण का विश्लेषण कैसे करते हैं?

What did the rebel want? To what extent did the vision of different social groups differ? 8

Or

What do visual representations tell us about the revolt of 1857? How do historians analyse these representations?

भाग-घ/SECTION D

स्रोत आधारित प्रश्न/Source Based Question:

Read the text carefully and answer the questions associated with it rationally.

निम्नलिखित गद्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और साथ में दिए गए प्रश्नों का विवेकपूर्ण उत्तर दें:-

**Q31.** **माता की सलाह**

महाभारत में उल्लेख मिलता है कि जब कौरवों और पांडवों के बीच युद्ध अवश्यंभावी हो गया तो गांधारी अपने ज्येष्ठ पुत्र दुर्योधन से युद्ध न करने की विनती की: शांति की संधि करके तुम अपने पिता, मेरा तथा अपने शुभेच्छुकों का सम्मान करोगे.... विवेकी पुरुष जो अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण रखता है वही अपने राज्य की रखवाली करता है।लालच और क्रोद्ध आदमी को लाभ से दूर खदेड़ कर ले जाते हैं: इन दोनों शत्रुओं को पराजित कर राजा समस्त पृथ्वी को जीत सकता है... हे पुत्र तुम विवेकी और वीर पांडवों के साथ सानंद इस पृथ्वी का भोग करोगे... युद्ध में कुछ भी शुभ नहीं होता, ना धर्म और अर्थ की प्राप्ति होती है और ना ही प्रसन्ता की: युद्ध के अंत में सफलता मिले यह भी जरूरी नहीं... अपने मन को युद्ध में लिप्त मत करो.... दुर्योधन ने माँ की सलाह नहीं मानी, वह युद्ध में लड़ा और हार गया।

31.1 क्या आपको गांधारी की शान्ति संधि की सलाह उचित लगती है? कारण बताईये| 1

31.2 क्या आपको ऐसा लगता है कि लालच और क्रोध पर नियंत्रण मानव एवं समाज के हित में है? दो कारण दीजिये । 1

31.3 दुर्योधन अपने माता की सलाह को क्यों नहीं माना? 2

**A mother's advice**

The Mahabharata describes how, when war between the Kauravas and the Pandavas became almost inevitable, Gandhari made one last appeal to her eldest son Duryodhana: By making peace you honours your father and me, as well as your well-wishers … it is the wise man in control of his senses who guards his kingdom. Greed and anger drag a man away from his profits; by defeating these two enemies a king conquers the earth… You will happily enjoy the earth, my son, along with the wise and heroic Pandavas … There is no

good in a war, no law(dharma) and profit (artha), let alone happiness; nor is there (necessarily) victory in the end – don't set your mind on war …
Duryodhana did not listen to this advice and fought and lost the war.

31.1 Do you think that Gandhari's peacemaking advice was appropriate? Give two reasons. 1
31.2 Why do you think that control of greed and anger are beneficial for human being and society? Give two reasons. 1
31.3 Why did Duryodhana ignore the advice of his Mother? 2

**Q32.** कॉलिन मैकेंजी

1754 ई. में जन्मे कॉलिन मैकेंजी ने एक अभियंता, सर्वेक्षक, तथा मानचित्रकार के रूप में प्रसिद्धि हासिल की| 1815 में उन्हें भारत का पहला सर्वेयर जनरल बनाया गया और 1821 में अपनी मृत्यु तक वे इस पद पर बने रहे| भारत के अतीत को बेहतर करने और उपनिवेश के प्रशासन को आसन बनाने के लिए उन्होंने इतिहास से सम्बंधित स्थानीय परम्पराओं का संकलन तथा ऐतिहासिक स्थलों का सर्वेक्षण करना आरंभ किया| वे कहते हैं, "ब्रिटिश शासन के सुप्रभाव में आने से पहले दक्षिण भारत ख़राब प्रबंधन की दुर्गति से लम्बे समय तक जूझता रहा|" विजयनगर के अध्ययन से मैकेंजी को यह विश्वास हो गया कि, "स्थानीय लोगों के अलग-अलग कबीलों, जो इस समय की जनसँख्या का एक बड़ा हिस्सा थे, को अब भी प्रभावित करने वाले इनमे से कई संस्थाओं कानूनों तथा रीति-रिवाजों के विषय में बहुत महत्वपूर्ण जानकारियां" हासिल कर सकती थी|

32.1 कालिन मैकेन्जी कौन था ?
1
32.2 उन्होंने सर्वेक्षण क्यों प्रारंभ किया?
1
32.3 विजयनगर(हम्पी) के अध्ययन में उनकी भूमिका का उल्लेख कीजिए|
2

**Colin Meckenzie**

Born in 1754, Colin Meckenzie became a famous engineer, surveyer and cartographer. In 1815 he was appointed the first surveyor General of India. A post he held till his death in 1821. he embarked on collecting local histories and surveying historic sites in order to better understand India's past and make governance of the of the colony easier. He says that " It struggled long under the miseries of bad management…. Before the south came under the benign in influence of the British government". By standing Vijayanagar, Meckenzie believed that the east India company would gain " much useful information on many of these institutions, law and customs whose influence still prevails among the various tribes of natives forming the general mass of the population to this day.

32.1 Who was Colin Mackenzie? 1
32.2 Why did he start the survey? 1
32.3 Discuss his role in the study of Vijayanagara (Hampi). 2

**Q33.** "खंडित निष्ठा के लिए कोई जगह नहीं "

गोविंद वल्लभ पंत ने कहा कि निष्ठावान नागरिक बनने के लिए लोगों को समुदाय और खुद को बीच में रख कर सोचने की आदत छोड़नी होगी: लोकतन्त्र की सफलता के लिए व्यक्ति को आत्मानुशासन की कला का प्रशिक्षण लेना होगा| लोकतन्त्र में व्यक्ति को अपने लिए कम तथा औरों के लिए ज्यादा फिक्र करनी चाहिए| यहाँ खंडित निष्ठा के लिए कोई जगह नहीं है |सारी निष्ठाएँ केवल राज्य पर केन्द्रित होनी चाहिए|यदि किसी लोकतन्त्र में आप प्रतिस्पर्धी निष्ठाएँ रख देते हैं या ऐसी व्यवस्था खड़ी कर देते हैं जिसमें कोई व्यक्ति या समूह अपने अपव्यय पर अंकुश लगाने की बजाय बृहत्तर या अन्य हितों की जरा भी परवाह नहीं करता,तो ऐसे लोकतन्त्र का डूबना निश्चित है|

संविधान सभा बहस,खंड 2

33.1 गो. ब. पन्त के अनुसार लोकतंत्र में एक निष्ठावान नागरिक के किन्ही दो अभिलक्षण बताए| 1
33.2 संविधान लिखते समय पृथक निर्वाचिका की मांग क्यों की गयी? 1
33.3 गो. ब. पन्त इस मांग के विरुद्ध में क्यों थे? दो कारण लिखिए| 2

2

**<u>There cannot be any Divided Loyalty</u>**

Govind Ballabh Pant argued that in order to become loyal citizen, people to stop focusing only on the community and the self:

For the success of democracy one must train himself in the art of self-discipline. In democracies one should care less for himself and more for others. There cannot be any divided loyalty. All loyalties must exclusively be centered round the state. If in a democracy, you create rival loyalties all you create a system in which any individual or group, instead or suppress his extravagance, cares not for larger or other interest, then democracy is doomed.

33.1 Give any two attributes of loyal citizen in a democracy according to G.B. Pant? 1
33.2 Why was the demand for separate electorate made during the drafting of the Constitution? 1
33.3 Why was G.B. Pant against this demand? Give two reasons. 2

## भाग-ङ/SECTION-E
## MAP BASED QUESTION (1 x 5 = 5)
## मानचित्र आधारित प्रश्न

Q34.1. दिए गए भारत की राजनीतिक मानचित्र मेंनिम्नलिखित स्थलों को दर्शाएँ:
3
(i) धौलावीरा - एक परिपक्व हड़प्पा स्थल।
(ii) पाटलिपुत्र- मगध साम्राज्य की राजधानी।
(iii)विजयनगर- विजयनगर साम्राज्य की राजधानी
या

बीजापुर - मध्यकालीन भारत का एक महत्वपूर्ण शहर।

On the given political outline map of India locate and label the following with appropriate symbols:

(i) Dhaulavira- A Mature Harappan site.

(ii) Patliputra- Capital of Magadha Empire.

(iii)Vijayanagara- Capital of Vijayanagara empire

OR

Bijapur- an important town of Medieval india.

Q34.2. दिए गए भारत की उसी राजनीतिक मानचित्र में 1857 के विद्रोह के दो स्थलों को A और B के रूप में चिन्हित किया गया है| उनकी पहचान कर उनका नाम लिखिए| 2

On the same outline map two places have been marked as A and B which are the centers of Revolt 1857. Identify them and write their correct names on the lines marked near them.

**नोट:निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टि-वाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 34 के स्थान पर है|**

**Note: The following questions are for visually impaired candidate only in lieu of Q. No. 34.**

(34.1) किन्ही तीन महत्वपूर्ण हड़प्पा स्थलों के नाम लिखिए| 3

Name any three Harappan sites.


अथवा / or

किन्हीं तीन महाजनपदों के नाम लिखें|

Write the name of any three mahajanpadas.

(34.2) राष्ट्रिय आन्दोलन के दो केंद्र का नाम लिखें| 2

Name two centers of Indian national movement.


INDIA
Political
Q34.II: Indentify the centre of 1857
A
B